# 'देश के विकास का ग्रोथ इंजन बन रहा उत्तर प्रदेश'

- एसोसिएटेड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की बैठक में रखे विचार
- ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के अपने प्रयासों को तेज करने पर जोर दिया गया

लखनऊ, वरिष्ठ संवाददाता। उत्तर प्रदेश आज देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में देश के विकास का ग्रोथ इंजन बन रहा है। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की तेज वृद्धि दर उत्साहित करने वाली है। भविष्य की जरूरतों के दृष्टिगत लैंडबैंक के विस्तार, नीतिगत सुधार और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के अपने प्रयासों को तेज करना होगा। यह बात एसोसिएटेड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (यूपी और यूके) के महासचिव राजीव कक्कड़ ने कही। वह रविवार को गोल्फ क्लब में आयोजित एसोसिएशन की प्रबंध समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के आर्थिक परिदृश्य में चुनौतियों का समाधान करने और अवसरों की खोज करते हुए उद्योग विकास और सहयोग का समर्थन करने के लिए एसोचैम यूपी और यूके की प्रतिबद्धता को दोहराया गया। इस अवसर पर उद्यमी एलके झुनझुनवाला ने उद्योग और सरकार के बीच एक मजबूत और टिकाऊ संबंध को बढ़ावा देने के लिए एसोसिएशन की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने उत्तर प्रदेश के महत्वाकांक्षी पांच ट्रिलियन डॉलर के आर्थिक लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आधारशिला के रूप में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।